# वित्त समिति की बारहवीं बैठक दिनांक 19.11.2012 का

# कार्यवृत्त

प्रो0 दुर्गा सिंह चौहान मा0 कुलपति महोदय, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून की अध्यक्षता में वित्त समिति की बारहवीं बैठक प्रमुख सचिव,तकनीकी शिक्षा ,उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय कक्ष में दिनांक 19.11.2012 सोमवार को समय सांय 5.00 बजे से आयोजित/सम्पन्न हुई। बैठक मे उपस्थिति निम्नवत् रही :–

01. प्रो0 दुर्ग सिंह चौहान, कुलपति, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून। – अध्यक्ष
02. श्री राकेश शर्मा, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन। – सदस्य
03. प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन। – सदस्य
04. श्री शैलेष बगोली, अपर सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन। – सदस्य
05. श्री एम0सी0जोशी, अपर सचिव, वित्त विभाग उत्तराखण्ड शासन। – सदस्य
06. श्री प्रमोद कुमार जोशी, वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून। – संयोजक/सदस्य
07. श्री अवनीश जैन कुलसचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून। – सदस्य

न्याय विभाग,चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं प्राचार्य जी0बी0पी0ई0सी0 घुड़दौडी (पौड़ी) व बिपिन चन्द्र त्रिपाठी कुमांऊ इन्जिनियरिंग कॉलेज द्वाराहाट (अल्मौड़ा) के प्रतिनिधि कतिपय कारणों से बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

# कार्यवृत्त

01 दिनांक 03.05.2012 को वित्त समिति की सम्पन्न (ग्यारहवी) बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण एवं तत्सम्बन्धी कृत कार्यवाही का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ ।

(क) सर्वसम्मति द्वारा वित्त समिति की विगत बैठक दिनांक 03.05.2012 की सम्पुष्टि की गयी।

(ख) बैठक में उपस्थित मा0 सदस्यों द्वारा कृत कार्यवाही का अवलोकन किया गया एवं सर्वसम्मति द्वारा अनुमोदन किया गया।

02 सुद्धौवाला में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन एवं संगत निर्माण कार्यो की प्रारम्भ से अब तक की नवीनतम भौतिक / वित्तीय प्रगति विवरण अवलोकनार्थ ।

**विनिश्चय** :– बैठक में उपस्थित मा0 सदस्यों द्वारा प्रस्तुत भौतिक / वित्तीय प्रगति का अवलोकन किया गया तथा भवन पर अब तक कृत निर्माण कार्यो पर संतोष प्रकट किया गया।

03 सुद्धौवाला में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन एवं 02 संघटक संस्थानों (एस0आई0टी0 पिथौरागढ़ व महिला प्रौद्यौगिकी संस्थान,सुद्धौवाला के निर्माण हेतु वित्त समिति की प्रत्याशा में मा0 कुलपति महोदय के आदेश संख्या 5100 / उ0त0वि0 / 2012 दिनांक 12.06.2012 द्वारा गठित भवन निर्माण समिति का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ ।

**विनिश्चय** :– इस क्रम में मा0 कुलपति महोदय द्वारा गठित भवन निर्माण समिति के प्रस्ताव का अवलोकन करते हुये सर्वसम्मति द्वारा अनुमोदन किया गया।

04 सुद्धौवाला में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन के प्रारम्भिक आगणन पर शासन द्वारा प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति रू0 2220.52 लाख के सापेक्ष इस कार्य के विस्तृत प्राकंलन पर प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग,उत्तराखण्ड के माध्यम से तकनीकी रूप से परीक्षण उपरान्त यह आगणन अब रू0 2195.43 लाख का पाया गया तथा अतिरिक्त अवेशष कार्यो के आगणन भाग–02 पर प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग,उत्तराखण्ड के माध्यम से तकनीकी रूप से परीक्षित आगणन की धनराशि रू0 1336.77 लाख सहित वर्णित प्रशासनिक भवन के सम्पूर्ण कार्य की कुल लागत रू0 3532.20 लाख पर वित्त समिति द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन एवं अवशेष भुगतान कार्य की भौतिक प्रगति / तत्सम्बन्धी मूल्यांकन व उपलब्ध बजट के साथ–साथ अवशेष कार्य हेतु भवन निर्माण समिति द्वारा तकनीकी रूप से अनुमोदित आगणन के सापेक्ष 100 % भौतिक कार्य पूर्ति चालू वित्त वर्ष 2012–13 की शेष अवधि माह 11 / 12 से 03 / 13 अर्न्तगत पूर्ण कराने तथा इसी समय सीमा अर्न्तगत भवन ग्राहक विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत प्रस्ताव अनुमोदनार्थ ।

**विनिश्चय** :– इस क्रम में सदन में उपस्थित मा0 सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि भवन निर्माण विशेषज्ञ समिति द्वारा उक्त भवन के अतिरिक्त अवशेष कार्यो के द्वितीय भाग आगणन रू0 1336.77 लाख सहित प्रस्तावित सम्पूर्ण आगणन 3532.20 लाख पर प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति एवं कार्य हित के दृष्टिगत उक्त प्रस्ताव का सर्वसम्मति द्वारा अनुमोदन किया गया एवं इसी अन्तिम सीमा अर्न्तगत नियमानुसार व्यय सीमित रखे जाने का भी निर्णय लिया गया। इस क्रम में मा0 कुलपति महोदय एवं प्रमुख सचिव,तकनीकी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, द्वारा कार्यदायी संस्था से अपेक्षा की गयी निर्माणाधीन भवन हेतु स्वीकृत ड्राइंग / डिजायन / आगणन के दृष्टिगत 100 प्रतिशत भौतिक कार्य पूर्ति हर दशा में माह मार्च, 2013 अर्न्तगत पूर्ण कराते हुये ग्राहक विभाग को हस्तगत किया जाना भी सुनिश्चित किया जायेगा तथा निर्माणकार्य की साप्ताहिक प्रगति का अनुश्रवण विश्वविद्यालय की तीन सदस्य भवननिर्माण समिति से किया जाना भी मा0 अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा अपेक्षा की गयी ।

05 विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन के भूतल में निर्मित ऑडिटोरियम/ओ0टी0एस0 कैन्टीन में शासन की अपेक्षानुसार राजकीय महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की सत्र 2012–13 की कक्षांये संचालन हेतु आवश्यक कक्षों में **Aluminium** पार्टीशन कार्य हेतु कार्यदायी संस्था द्वारा गठित आगणन रू0 51.25 लाख पर प्रमुख अभियंता, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड के माध्यम से तकनीकी रूप से परीक्षित आगणन रू0 43.36 लाख पर वित्त समिति द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति के साथ–साथ तदनुसार कार्य हित में उपलब्ध बजट के आधार पर नियमानुसार किस्तों में भुगतान का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ ।

**विनिश्चय** :– इस क्रम में प्रस्ताव का अवलोकन करते हुये मा0 सदस्यों द्वारा भवन समिति से प्राप्त तकनीकी स्वीकृति एवं कार्यहित में प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया तथा इसी सीमा अन्तर्गत नियमानुसार व्यय किये जाने का अनुमोदन भी किया गया।

06 सुद्धौवाला में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन एवं भूमि की दरेड़ नदी से कटाव से सुरक्षा के दृष्टिगत बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु अधिशासी अभियंता (सिंचाई विभाग) एम0ई0एस0 डिविजन, देहरादून द्वारा गठित आगणन रू0 104.00 लाख पर प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग,उत्तराखण्ड के माध्यम से तकनीकी रूप से परीक्षित आगणन रू0 100.51 लाख पर प्रशासनिक स्वीकृति के साथ–साथ तदनुसार कार्य हित में उपलब्ध बजट के आधार पर नियमानुसार किस्तों में भुगतान का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ ।

**विनिश्चय** :– इस क्रम में प्रस्ताव का अवलोकन करते हुये मा0 सदस्यों द्वारा भवन निर्माण समिति से प्राप्त तकनीकी स्वीकृति एवं कार्यहित में प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया तथा इसी सीमा अन्तर्गत नियमानुसार व्यय किये जाने का अनुमोदन भी किया गया।

07 प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन एवं मा0 कुलपति उ0त0वि0 द्वारा सुद्धौवाला में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के संचालन विषयक दिनांक 10.07.2012 को वर्णित भवन के कृत सयुंक्त निरीक्षण में लिये गये निर्णयानुसार एवं वित्त समिति से अनुमोदन की प्रत्याशा में उक्त भवन पर तत्सम्बन्धी अवशेष कार्यो को पूर्ण कराने के दृष्टिगत कार्यदायी संस्था को माह जौलाई, 2012 में प्रदत्त अग्रेत्तर किस्त रू0 02.00 करोड़ (रू0 दो करोड मात्र) एवं पुनः कार्यदायी संस्था की मांग रू0 05.00 करोड़ के सापेक्ष कार्यहित में स्वीकृति की प्रत्याशा में माह नवम्बर,12 में प्रदत्त अगली किस्त रू0 3.00 करोड़ को सम्मिलित करते हुये कुल धनराशि रू0 5.00 करोड़ (रू0 चार करोड़) का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ ।

**विनिश्चय** :– इस क्रम में प्रस्ताव का अवलोकन करते हुये मा0 सदस्यों द्वारा तदनुसार व्यय की गयी धनराशि रू0 05.00 करोड़ के प्रस्ताव पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

08 विश्वविद्यालय के 03 संघटक संस्थानों (टी0एच0डी0सी0/एस0आई0टी0/महिला प्रौद्यौगिकी संस्थान) के शैक्षणिक स्टाफ की स्वीकृति सम्बन्धी शासनादेश संख्या **820(i)/XLI-1/12-65/08** दिनांक 16.08.2012 वित्त समिति के संज्ञानार्थ एवं इसी क्रम में ए0आई0सी0टी0ई0 नियमों /संस्थानो में संचालित किये जा रहे बी0टैक पाठ्यक्रम के दृष्टिगत संकायवार मा0 कुलपति महोदय द्वारा वित्त समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में गठित (अतिरिक्त शैक्षणिक स्टॉफ/गैर शैक्षणिक स्टॉफ का) ढॉंचा अनुमोदनार्थ ।

**विनिश्चय** :– इस क्रम में प्रस्तुत प्रस्ताव का मा0 सदस्यों द्वारा अवलोकन/अध्ययन किया गया तथा कार्यहित में सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

09 आई0आई0एम0 काशीपुर के अस्थायी परिसर में जलभराव के दृष्टिगत आर0सी0सी0 रिटेनिंग वॉल एंव छात्रावास के ड्रेन के अनुरक्षण कार्य हेतु संस्थान की मांग पर एवं शासन के निर्देश के क्रम में मा0 कुलपति महोदय द्वारा वित्त समिति से अनुमोदन की प्रत्याशा में ऋण के रूप मे प्रदत्त चैक सख्या 004216 दि0 29.06. 2012 द्वारा धनराशि रू0 7,50,000.00 (रू0 सात लाख पचास हजार मात्र ) का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ ।

**विनिश्चय** :– इस सम्बन्ध में सर्वसम्मति द्वारा रू0 7.50 लाख (रू0 सात लाख पचास हजार मात्र ) कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

10 **विश्वविद्यालय के प्रारम्भिक वित्त वर्ष 2005–06 से 2011–12 तक महालेखाकार/आंतरिक लेखा सम्परीक्षा दल द्वारा विश्वविद्यालय के लेखों पर अंकित सम्परीक्षा प्रतिवेदनों के सापेक्ष अबतक निस्तारित/अवशेष प्रतिवेदनों का विवरण वर्षवार वित्त समिति के अवलोकनार्थ ।**

**विनिश्चय** :– इस क्रम में प्रस्तुत सूचना का मा0 सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया तथा लम्बित/अनिस्तारित ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण विश्वविद्यालय की ऑडिट कमेटी के माध्यम से समीक्षा उपरान्त अविलम्ब अनुपालन की अपेक्षा की गयी।

11 **एस0आई0टी0 पिथौरागढ़ में विकलाँग छात्रों हेतु पूर्व निर्मित एवं मा0 कुलपति महोदय द्वारा वित्त समिति से स्वीकृति की प्रत्याशा में स्वीकृत आगणन पर अनुमोदन एवं रू0 39.72 लाख के सापेक्ष प्रारम्भ से अब तक कृत निर्माण कार्यो की नवीनतम भौतिक/वित्तीय प्रगति का विवरण अवलोकनार्थ ।**

**विनिश्चय** :– इस क्रम में अब तक कृत निर्माण कार्यो की नवीनतम भौतिक/वित्तीय प्रगति का अवलोकन करते हुये मा0 सदस्यों द्वारा संतोष प्रकट किया गया।

12 **एस0आई0टी0 पिथौरागढ़ की स्थापना के दृष्टिगत वर्णित भवन की शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था (उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड) द्वारा गठित आगणंन रू0 39.72 लाख पर प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड के माध्यम से प्राप्त तकनीकी परीक्षण उपरान्त धनराशि रू0 39.72 लाख के सापेक्ष वित्त समिति की स्वीकृति की प्रत्याशा में माह जून 2012 में प्रदत्त अग्रिम रू0 25.00 लाख तथा इसी क्रम में प्रदत्त अग्रेत्तर अग्रिम रू0 10.00 लाख पर अनुमोदन के साथ–साथ कार्यदायी संस्था से माह नवम्बर 2012 में सम्भावित कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र एवं एम0ओ0यू0 एवं अन्य सगंत नियमो के आधार पर अपेक्षित मूल्यांकन आदि की प्राप्ति उपरान्त नियमानुसार शेष देय धनराशि रू0 4.72 लाख के अन्तिम भुगतान का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ ।**

**विनिश्चय** :– इस सम्बन्ध में सर्वसम्मति द्वारा रू0 35.00 लाख (रू0 पैतीस लाख मात्र) पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी तथा स्वीकृत आगणन के सापेक्ष नियमानुसार अपेक्षित औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुये अवशेष भुगतान किये जाने का भी अनुमोदन किया गया।

13 **सेवादायी संस्था मै0 प्रोविज, मैनसिस्टम, नई दिल्ली के माध्यम से विश्वविद्यालय में कार्यरत्त आउटसोर्स कार्मिको (तृतीय एवं चतुर्थ श्रैणी ) हेतु संस्था/कर्मचारियों की मांग पर इस श्रैणी के सभी कार्मिको को छठे वेतन आयोग की संस्तुति के आधार पर जोड़े जाने के दृष्टिगत एवं विश्वविद्यालय के व्यापक कार्य हित में इन कार्मिको को वित्त समिति से स्वीकृति की प्रत्याशा में अनुमन्य किये गये वेतन/ग्रेड वेतन/65 प्रतिशत महगांई भत्ता/अन्य भत्तों की स्वीकृति का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ ।**

**विनिश्चय** :– इस क्रम में प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन/अध्ययन मा0सदस्यों द्वारा किया गया तथा प्रमुख सचिव, महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि छठें वेतन आयोग की सस्तुति के आधार पर वेतन,ग्रेड वेतन एवं मंहगायी भत्ते की भांति न देकर आउटर्सोस आधार पर कार्मिक के पद/योग्यता एवं कार्यक्षमता के दृष्टिगत एवं सेवादायी संस्था की मांग पर न्यूनतम व औचित्यपूर्ण संकलित वेतन (Consolidated Salary) दिये जाने की अपेक्षा की गयी। इस प्रस्ताव पर सर्वसम्मति द्वारा अनुमोदन किया गया।

14 **एस0आई0टी0 पिथौरागढ़ के आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माणार्थ कार्यदायी संस्था से प्राप्त आगणन रू0 154.33 लाख, जिस पर सक्षम अधिकारी से तकनीकी परीक्षण प्रत्याशित है किन्तु कार्यहित में भवन समिति से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त है, पर वित्त समिति से प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।**

**विनिश्चय** :– इस क्रम में मा0 सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया तथा इस अपेक्षा के साथ अनुमोदन किया गया कि आगणन का तकनीकी परीक्षण प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग,देहरादून के माध्यम से किया जाने उपरान्त तद्नुसार ही आगणन की धनराशि अनुमन्य होगी तथा कार्य आरम्भ से पूर्व प्रस्तावित भवनों हेतु आंवटित भूमि का सर्वेक्षण/तकनीकी परीक्षण तथा भवन की ड्राइंग/डिजायन को अन्तिम रूप देने से पूर्व सी0बी0आर0आई0 रूड़की के विशेषज्ञ से भी जाँच करायी जायेगी एवं शासन से प्रस्तावित भूमि का अन्तरण भी कार्य आरम्भ से पूर्व अपेक्षित है।

15 **अन्य विषय :– इस क्रम में निम्नांकित बिन्दुओं पर सम्यक विचारोपरान्त वित्त समिति द्वारा सर्वसम्मत निर्णय लिये गये :–**

01. दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार ही सम्पन्न किया जायेगा। दीक्षांत समारोह के विज्ञापनों के पर्याप्त प्रचार–प्रसार प्रकाशन हेतु वित्त समिति द्वारा रू0 50.00 (रू0 पचास लाख मात्र) के अर्न्तगत एवं इसी समारोह की अन्य सभी मदों की व्यय सीमा भी रू0 15.00 लाख के अर्न्तगत ही सीमित रखे जाने का अनुमोदन किया गया है।
02. एस0आई0टी0 पिथौरागढ़ एवं WIT-Dehradun के नवसृजित संस्थानों हेतु मा0 कुलपति महोदय की सहमति/शासन द्वारा निर्धारित नीति के दृष्टिगत आवासीय/अनावासीय भवनों का प्रथम चरण में निर्माणार्थ विश्वविद्यालय अंश **रू0 पांच–पांच करोड़** की धनराशि सावधि जमा में रखे जाने का प्रस्ताव सर्वसमिति द्वारा अनुमोदन किया गया।
03. मा0 कुलपति/प्रमुख सचिव,तकनीकी शिक्षा की अपेक्षा अनुसार सुद्धौवाला में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन की Modified चाहरदीवारी, आई0आर0डी0ई0 रायपुर,देहरादून की तर्ज पर निर्माण हेतु भी सदन द्वारा सहमति प्रदान करते हुये अनुमोदन किया गया जिसका व्यय पुनरीक्षित/स्वीकृत सीमान्तर्गत रखा जाना भी अपेक्षित है। साथ ही यू0टी0यू0 के स्थायी बोर्ड भी विश्वविद्यालय मुख्यालय एवं वित्त समिति द्वारा निर्धारित प्रमुख स्थानों पर अपरिहार्य रूप से अविलम्ब स्थापित किये जायेंगे तथा निर्माणाधीन भवन के अन्दर प्रस्तावित प्रत्येक विभाग के लिये पृथक–पृथक बोर्ड (नाम पांटिया) विभागवार (WIT-Dehradun) सहित स्थापित किये जायेंगे ।
04. सुद्धोवाला मे कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन पर सम्पूर्ण अवशेष कार्य निर्धारित अवधि अन्तर्गत चालू वित्त वर्ष 2012–13 में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जायेगा ताकिं विश्वविद्यालय के विभागो को नये भवन मे Shifting एवं कार्य संचालन माह मार्च,2013 के प्रथम सप्ताह से प्रारभ हो सके।

अन्त में बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा मा0 कुलपति महोदय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये हुये बैठक सम्पन्न हुई।

(प्रमोद कुमार जोशी)
वित्त नियंत्रक/संयोजक

(दुर्ग सिंह चौहान)
कुलपति/अध्यक्ष